दिनांक : 28.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एनडीए संसदीय दल की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए गुट नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया के सांसदों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।
2. स्काईरूट एयरोस्पेस के संस्थापकों से प्रधानमंत्री ने मुलाकात कर निजी अंतरिक्ष क्षेत्र का उत्साह बढ़ाया।
3. द्वीप समूह की पक्षी विविधता से परिचित कराने के लिए चिड़ियाटापू में रेनफॉरेस्ट बर्डिंग ट्रेल आयोजन किया जाएगा।
4. स्वच्छ भारत मिशन के एम्बेसडर नरेश चन्द्र लाल ने मोहनपुरा में विद्यार्थियों को खेलों और पुस्तकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की संसदीय दल की साप्ताहिक बैठक आज संसद भवन में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए गुट नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया के सांसदों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। संसद सत्र के दौरान गठबंधन की एकजुटता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से यह बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस के पवन चंदना और नागा भरत डाका से बातचीत की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विक्रम–1 की सफलता के साथ–साथ कई अन्य रोचक विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने उनकी यात्रा और भविष्य की योजनाओं के बारे में सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि उनकी ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और सकारात्मकता देश के निजी अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की जीवंत भावना को दर्शाती है। श्री मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस की पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं।

<><><><><><><>

आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रकृति की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से पृथ्वी को बचाने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ – आईयूसीएन ने वर्ष उन्नीस सौ सत्तानवे में आज ही के दिन विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस घोषित किया था। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नागरिकों से हरित और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण केवल वन्यजीवों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जंगलों, नदियों, स्वच्छ हवा और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

<><><><><><><>

इस बीच, मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस की इकाइयों ने आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया और शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए एन एस एस इकाइयों का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति के संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों से एनएसएस के माध्यम से सामुदायिक सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कंडीमुथु ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में लगभग पचास पौधे लगाए गए।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग तथा एवियन क्लब के सहयोग से एक अगस्त को सुबह आठ बजे चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान में 'रेन फॉरेस्ट बर्डिंग ट्रेल' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीप समूह की समृद्ध पक्षी विविधता और प्राकृतिक वर्षावन पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना तथा इको–टूरिज्म को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन कराने के साथ–साथ स्थानीय व प्रवासी पक्षी प्रजातियों तथा जैव विविधता संरक्षण पर विशेष जानकारी दी जाएगी। निदेशालय ने प्रकृति प्रेमियों,

विद्यार्थियों, पक्षी दर्शन में रुचि रखने वालों और पर्यटन से जुड़े लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इच्छुक प्रतिभागी सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय में पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम् स्थित चिन्मय मिशन आश्रम में गुरु पूर्णिमा के साथ–साथ व्यास जयंती का आयोजन कल शाम साढ़े पाँच बजे से साढ़े सात बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत भजन और सत्संग से होगी। इसके बाद श्री गुरु पादुका पूजा का आयोजन होगा और अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेसडर और पद्म श्री सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने आज मोहनपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से संवाद किया तथा विद्यालय परिसर और समाज में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। श्री लाल ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने, खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने तथा नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका सुनीता शर्मा भी मौजूद थीं।

<><><><><><><>

आईसीएआर–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैविक उत्पादों की तैयारी पर कल एक दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया। यह कार्यक्रम संस्थान के क्षेत्रीय और तकनीकी कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत और नीमास्त्र को वैज्ञानिक तरीके से तैयार करने तथा खेतों में इनके उपयोग के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों को इन्हें तैयार करने की प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री की मात्रा और प्रभावी उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के वैज्ञानिकों के समन्वय और निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। चार अगस्त को सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक सिविल, सीएसई और गणित विषयों के प्रवक्ता पदों के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित होगी। वहीं, पांच अगस्त को इसी समय सिविल और सीएसई के लैब तकनीशियन पदों के लिए परीक्षा होगी। छह अगस्त को सिविल और सीएसई प्रवक्ता पदों के लिए सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र ई–मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन डॉ. बी.सी. रॉय ट्रॉफी 2026–27 के लिए जूनियर बॉएज टीम के चयन हेतु ट्रायल आयोजित करेगा। चयन ट्रायल दो अगस्त को सुबह नौ बजे से बर्डलाइन मैदान में होगा। ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म वर्ष 2011 और 2012 के बीच हुआ हो। एसोसिएशन ने सभी जिलों, विभागों, क्लबों और गाँवों से पात्र खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर चयन ट्रायल के लिए भेजने की अपील की है।

<><><><><><><>